आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–02 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, स्टार प्रचारक और प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा और रोड शो के माध्यम से लोगों का समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने आवास पर पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि आपस में बाटों और राज करो, ये कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही। कांग्रेस ने जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर और भाषा के नाम पर समाज को बांटने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रयर्टन मंत्री और मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह के पक्ष मे मैनपुरी में रोड शो किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर चल रहा है। उन्होंने स्वर्गीय कल्याण सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन श्रीराम की सेवा में लगा दिया और अयोध्या में राम मंदिर के लिए बड़ी कुर्बानी दी। उनके निधन पर सपा का कोई भी नेता शोक संवेदना व्यक्त करने भी नही गया।

उधर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने आंवला के वर्तमान सांसद तथा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप के पक्ष में मतदान के लिए प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में भाग लिया। दोपहर बाद केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बदायूं में जनसभा को संबोधित किया। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बदायूं में ही पार्टी प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

****

प्रदेश में पांचवे और छठे चरण की लोकसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। छठे चरण के लिये बस्ती लोकसभा सीट से आज बसपा प्रत्याशी दयाशंकर मिश्र तो वहीं भदोही लोकसभा सीट से राष्ट्रीय समाज पक्ष से रामप्रकाश और प्रगतिशील मानव समाज पार्टी से प्रेम चन्द बिंद ने नामांकन किया। पांचवे चरण के लिये फैजाबाद लोकसभा सीट से भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविन्द सेन ने पर्चा दाखिल किय। पांचवे चरण की चौदह लोकसभा सीटों के लिए कल नामांकन की अंतिम तारीख है। 6 मई तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा लोकसभा सीट के लिए बीस मई को मतदान होगा। छठे चरण के लिए प्रदेश की चौदह लोकसभा सीटों के लिए छह मई तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। मतदान पच्चीस मई को होगा। इस चरण म जिन चौदह लोकसभा सीटों पर मतदान होना है उनमें–सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियांगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही लोकसभा सीट शामिल है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने आज प्रदेश की दो और लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह और कैसरगंज सीट से करण भूषण सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है।

उधर बहुजन समाज पार्टी ने भी छह और सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। इनमे कुछ प्रत्याशियों के नाम भी बदले गये हैं। बसपा ने गोण्डा लोकसभा सीट के लिए सौरभ कुमार मिश्रा, डुमरियागंज से मोहम्मद नदीम मिर्जा, कैसरगंज से नरेन्द्र पाण्डेय, संतकबीर नगर से नदीम अशरफ, बाराबंकी से शिव कुमार दोहरे और आजमगढ़ लोकसभा सीट से मशहूद अहमद को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी ने विधानसभा उप चुनाव के लिए लखनऊ पूर्वी सीट से आलोक कुशवाहा को उम्मीदवार नामित किया है। उधर समाजवादी पार्टी ने बांदा से पूर्व घोषित पार्टी प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल की जगह उनकी पत्नी कृष्णा पटेल को प्रत्याशी बनाया है। वह बांदा की जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी है। कृष्णा पटेल ने इंण्डिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के तौर पर आज अपना नामांकन भी किया।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन हो रहा है। नुक्कड नाटक, रैली, शपथ ग्रहण और विभिन प्रतियोगिताओ के माध्यम से विद्यार्थी, आगंनबाडी कार्यकर्त्री और सामाजिक संगठन, लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। इसी क्रम में गोरखपुर, देवरिया, अयोध्या, वाराणसी, मऊ जिलों मे मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलायी गयी।

****

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में भिक्षु संघ के द्वारा बुद्ध पूर्णिमा की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। आयोजन समीति तथा भिक्षु संघ के अध्यक्ष एवी ज्ञानेश्वर ने बताया कि तेइस मई को बुद्ध पूर्णिमा समारोह का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न देशों के बौद्ध श्रद्धालु शामिल होगें। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम म्यांमार बुद्ध मंदिर परिसर में होगा। बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व सध्या पर बाईस मई को महापरिनिर्वाण मंदिर मे विशेष पूजा होगी।

****